Regarding health facilities in rural area

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा (पालघर) : सभापति महोदय, मैं इस सदन का ध्यान पालघर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । अस्पतालों में आवश्यक मेडिकल उपकरण की कमी है । डॉक्टर और विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं । पालघर जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किया जाए । डॉक्टरों की नियुक्ति शीघ्रता से की जाए । आधुनिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जाए । सिविल हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर की जो स्वीकृति मिली है, उसको जल्द से जल्द निर्माण किया जाए, ऐसी मैं मांग करता हूं । धन्यवाद ।